Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ कृषि उपज मंडी सूरजपोल, जयपुर के सहायक सचिव 8,000/—रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, दिनांक 11 नवम्बर, मंगलवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की एस. आई. यू. इकाई द्वारा आज एक ट्रैप कार्रवाई करते हुए **कृषि उपज मंडी समिति, सूरजपोल, जयपुर में कार्यरत सहायक सचिव इन्द्र सिंह मीणा** को **8,000/—रूपये (आठ हजार रुपये)** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि एसीबी को परिवादी ने एक शिकायत इस आशय की मिली कि उसकी फर्म का मंडी लाइसेंस बनवाने की एवज में सहायक सचिव इन्द्र सिंह मीणा द्वारा रिश्वत की माँग की जा रही है। शिकायत का सत्यापन कर आज ब्यूरो की टीम द्वारा ट्रैप कार्रवाई की गई।

जिस पर **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री अनिल कायल** के निर्देशन में **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सारस्वत** के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आरोपी को परिवादी से मांगी गई रिश्वत राशि 8,000/— लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। रिश्वत की राशि आरोपी के कब्जे से बरामद कर ली गई है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के नेतृत्व में आरोपी से पूछताछ तथा अग्रिम कार्रवाई जारी है आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे करवाई की जाएगी।